# ज्यादातर युवा वर्क फ्रॉम होम के लिए तैयार

## भाजपा ने गिनाए फायदे, विपक्ष असहमत

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवाओं से 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) को अपनाने की अपील के बाद ग्वालियर के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में एक नई बहस छिड़ गई है। ज्यादातर लोग इसे भविष्य की तकनीक और बचत का जरिया बता रहे हैं, वहीं विपक्ष और युवाओं का एक बड़ा वर्ग सवाल भी उठा रहा है।

**भाजपा ने कहा :** 'बचत, मानसिक शांति और भविष्य की जरूरत'

विपक्ष के आरोपों पर भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सत्ता पक्ष के पार्षद पति अरविंद शर्मा का कहना है कि प्रधानमंत्री की यह अपील दूरदर्शी है। ईरान अमेरिका रूस यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणाम पूरे विश्व पर पड़ रहे हैं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। शर्मा के मुताबिक 'वर्क फ्रॉम होम' से ईंधन,समय और पैसे की बचत होगी।

भाजपा के डिजिटल मीडिया प्रभारी संतोष राजोरिया का कहना है कि वर्क फ्रॉम होम से ऑफिस आने-जाने में होने वाला पेट्रोल-डीजल का खर्च और समय बचता है। ट्रैफिक और भागदौड़ से मुक्ति मिलने के कारण कर्मचारी तनावमुक्त होकर बेहतर काम कर पाते हैं। सड़कों पर गाड़ियों की संख्या कम होने से प्रदूषण में कमी आती है।

### लोगों ने कहा...


आईटी और कॉर्पोरेट सेक्टर से जुड़े कुछ युवा इस फैसले को सही मान रहे हैं, आईटी एक्सपर्ट शिवम झा का कहना है कि हम जैसे लोग वेबसाइट और ऐप बनाने का काम करते हैं जो कि पहले से ही वर्क फ्रॉम होम ही कर रहे हैं इसलिए आईटी क्षेत्र के लोगों को कोई प्रॉब्लम नहीं है। प्रधानमंत्री का सुझाव अच्छा है लेकिन कम पढ़े लिखे लोगों के लिए कठिनाई होगी।


प्राइवेट ठेकेदार संजय राठौर का कहना है कि मैं मकान बनाने का काम करता हूं। लेबर, मिस्त्री से काम कराना होता है, यह वर्क फ्रॉम होम नहीं हो सकता। लेकिन मैं प्रधानमंत्री के इरादे की सराहना करता हूं और यह भी मानता हूं कि जो काम घर से हो सकते हैं उसे वर्क फ्रॉम होने किए जाने चाहिए लेकिन बहुत सारे काम अभी भी ऐसे हैं जो वर्क फ्रॉम होम नहीं हो सकते।


कांग्रेस नेत्री निधि शर्मा ने कहा : 'सरकार के पास युवाओं को देने के लिए रोजगार नहीं है, इसीलिए वे इस तरह की बातें कर रहे हैं। अगर सरकार वाकई गंभीर है, तो उसे एक विशेष 'वर्क फ्रॉम होम मंत्रालय' बनाना चाहिए। इस मंत्रालय का काम डायरेक्ट रोजगार को अपने हाथ में लेकर युवाओं को घर बैठे काम देना होना चाहिए, न कि सिर्फ सलाह देना।


वहीं, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. सिद्धांत दुबे ने इसके आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'वर्क फ्रॉम होम कितने लोग कर सकते हैं? एक बहुत बड़ी आबादी को अपनी दैनिक जरूरतों और आजीविका के लिए बाहर निकलकर काम करना ही होगा।'

# डीबी सिटी में 'फन फील्ड लर्निंग समर कैंप' की धूम

## बच्चों के साथ माताएं भी सीख रहीं रचनात्मक हुनर



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनकी गर्मियों की छुट्टियों को ज्ञानवर्धक व मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से डीबी सिटी मैरीगोल्ड में 'फन फील्ड लर्निंग समर कैंप 2026' का संचालन किया जा रहा है। एसएनजी आर्ट एंड क्राफ्ट की संचालिका शिल्पी गोयल के नेतृत्व में चल रहा यह कैंप क्षेत्र के बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**5 जून तक चलेगा रचनात्मक सफर:** 5 मई से शुरू हुआ यह समर कैंप आगामी 5 जून तक चलेगा। कैंप को बेहद व्यवस्थित और रचनात्मक तरीके से संचालित किया जा रहा है, जिसमें बच्चे बड़ी संख्या में और पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान बच्चों को स्केटिंग, ड्राइंग, कैलीग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, डांस और विभिन्न क्रिएटिव एक्टिविटीज सिखाई जा रही हैं। बच्चे इन सभी विधाओं को बड़े ही रुचिपूर्ण और मजेदार तरीके से सीख रहे हैं। कैंप की संचालिका शिल्पी गोयल ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की क्रिएटीविटी को बढ़ावा देना और उन्हें कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करना है। खास बात यह है कि इस कैंप में न सिर्फ बच्चे बल्कि समय-समय पर उनकी माताओं के लिए भी विशेष वर्कशॉप्स आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में हाल ही में मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने अपनी माताओं के साथ मिलकर रचनात्मक कार्यों में हिस्सा लिया। इस अनूठे प्रयास को कैंप में शामिल सभी परिवारों द्वारा बेहद सराहा गया है।

# ग्वालियर में जनगणना 2027 ने पकड़ी रफ्तार

## 788 एचएलबी में कार्य पूर्ण, दो चार्ज ऑफिसरों ने सबसे पहले पूरा किया लक्ष्य

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र में जनगणना 2027 का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नगर निगम क्षेत्र के सभी 1706 एचएलबी में जनगणना अभियान संचालित किया जा रहा है, जिनमें से अब तक 788 एचएलबी में कार्य पूर्ण हो चुका है। विभिन्न प्रगणकों द्वारा अब तक 3 लाख 42 हजार 634 मकानों में निवासरत 12 लाख 91 हजार 410 नागरिकों की गणना की जा चुकी है। नगर निगम उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि चार्ज ऑफिसर तनुजा वर्मा एवं रवि गौड़िया ने अपने-अपने चार्ज क्षेत्र में शत-प्रतिशत जनगणना कार्य पूर्ण कर मिसाल पेश की है। दोनों अधिकारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी तनुजा वर्मा ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-2 अंतर्गत 54 एचएलबी में 8 हजार 849 मकानों का सर्वेक्षण कर 45 हजार 258 नागरिकों की गणना का कार्य पूर्ण कराया। वहीं, चार्ज ऑफिसर रवि गौड़िया ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-25 अंतर्गत 12 एचएलबी में 1 हजार 999 भवनों में निवासरत 12 हजार 354 नागरिकों की गणना पूर्ण कराई। नगर निगम क्षेत्र में सबसे पहले जनगणना कार्य पूर्ण करने वाले चार्ज ऑफिसरों की श्रेणी में तनुजा वर्मा और रवि गौड़िया शामिल हुए हैं।

# वार्ड 18, 91, 21, 28, 45, 56, 57 एवं 58 की टीमों के बीच हुआ मैच

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई।** जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 4 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच सायं 3:30 बजे वार्ड क्रमांक 18 व 19 की टीम 18/डी एवं टीम 19/सी के मध्य



खेला गया। इसी क्रमशः में दूसरा मैच सायं 4:30 बजे वार्ड 21 की टीम 21/सी एवं टीम 21/ई के मध्य, तीसरा मैच सायं 5:30 बजे वार्ड 28 की टीम 28/बी एवं टीम 28/आई के मध्य, चैथा मैच सायं 6:30 बजे वार्ड 45 व 56 की टीम 45/जी एवं टीम 56/ए-ए के मध्य, पांचवा मैच सायं 7:30 से वार्ड 56 की टीम 56/जे एवं टीम 56/क्यू के मध्य एवं अंतिम छठवां मैच वार्ड 57 व 58 की टीम 57/एफ एवं टीम 58/सी के मध्य खेला गया। टूर्नामेंट के अंत में न्यासी आदित्य सिकरवार द्वारा दर्शकों के लिये लक्की ड्रा खोला जाता हैं, 30 दर्शकों को आर्कषक उपहार दिये गये। मैच की शुरूआत में टूर्नामेंट के आयोजक, न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अतिथियों के साथ टीमों से परिचय किया और टीमों को शुभकामनाएं दी। विभिन्न मैचों में अतिथियों के रूप में पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, के.डी. सोनकिया, के.पी. अरजरिया, पकंज सोनकिया, रामनारायण मिश्रा, मयूर गर्ग, पोहप सिंह वर्मा, रूपेश दुबे एवं अनिल शर्मा मौजूद रहे।

आज शाम एम.एल.बी मैदान पर पहला मैच वार्ड क्रमांक 18 व 19 की टीम 18/डी एवं टीम 19/सी के मध्य खेला गया। टीम 18/डी ने 7 ओवर 3 बॉल में 96 रन बनाये और मैच जीत गई।

# जौहरे के नेतृत्व में दिग्विजय का स्वागत




**ग्वालियर।** ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे ने आज ग्वालियर आगमन पर ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्वालियर ग्रामीण के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। ग्वालियर ग्रामीण के पूर्व विधायक मदन कुशवाहा की भी उपस्थिति रही। दिग्विजय सिंह कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष वीरसिंह तोमर के तानसेन नगर स्थित निवास पर भी पहुंचे।

# डिस्क ऑपरेटर के ऑफिस में चोरी : कैमरे में कैद हुआ चोर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 17 मई ।** माधौगंज थाना क्षेत्र के गाडवे की गोठ स्थित गणेश अपार्टमेंट में संचालित साईं बाबा डिस्क ऑफिस में दिनदहाड़े एक नकाबपोश चोर ने सेंध लगाकर लाखों रुपए कीमत के मोबाइल और अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात ऑफिस में लगे कैमरे में कैद हो गई, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने लंबे समय तक मामला दर्ज नहीं किया।

ऑफिस संचालक हिमांशु किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान नकाबपोश युवक ऑफिस में घुसा और वहां रखे कीमती मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। चोरी हुए सामान में रेडमी मोबाइल, आईफोन 16 और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं। आरोपी मुंह पर कपड़ा बांधकर दाखिल हुआ था। पूरी घटना ऑफिस में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में युवक कुछ ही मिनटों में सामान समेटकर भागते दिखाई दे रहा है। बावजूद इसके आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। फरियादी हिमांशु का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद 13 मई को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले एक महीने में इलाके में चोरी के कई मामले सामने आए हैं। मल्टी की पार्किंग से साइकिल और मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।



प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार गौरव बल्लभ ग्वालियर के पत्रकार संदीप ओझा को देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित करते हुए।

# खतरनाक आग पर अब होगा रोबोट का वार

**इंदौर, 17 मई . आग बुझाने की तकनीक अब हाईटेक हो गई है. दमकल अमले को राहत देने के लिए 2 करोड़ का अत्याधुनिक फायर फाइटिंग रोबोट तैनात किया है, जो आग और खतरनाक हालात में बिना रुके काम कर रहा है.**

रिमोट से संचालित यह मशीन अब कई घटनाओं में इस्तेमाल होकर अपनी उपयोगिता साबित कर चुकी है. यह रोबोट उन जगहों पर भी आसानी से पहुंच जाता है, जहां तेज गर्मी और धुएं के कारण दमकलकर्मियों का टिक पाना मुश्किल हो जाता है. कैमरों और सेंसर से लैस यह मशीन कंट्रोल रूम से ही ऑपरेट होती है, जिससे मौके की लाइव स्थिति साफ दिखाई देती है.

करीब 1.5 किलोमीटर दूर से इसे ऑपरेट किया जा सकता है, जबकि 500 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी यह काम करता है. वहीं एक बार चार्ज होने पर यह 8 से 10 घंटे तक सक्रिय रह सकता है. यह मशीन 500 किलो तक का वजन हटाने या उठाने में भी सक्षम है. हाल ही में शहर के नावदा पंथ क्षेत्र में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, परदेशीपुरा, सिटी फॉरेस्ट और पीथमपुर की घटनाओं में इसका उपयोग किया जा चुका है, जहां इसने आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई. नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह रोबोट फायर टैंकर से सीधे कनेक्ट होकर काम करता है और लंबे समय तक एक ही जगह टिककर पानी डाल सकता है. जहां इंसानी पहुंच मुश्किल होती है।

# फलों का राजा आम, सरकार ने घोषित किया है राष्ट्रीय फल

हमारे भारत वर्ष में कई प्रकार के फल पाये जाते है जैसे केला, पपीता, तरबूज, अंगूर, सेब, लीची, खरबूजा, आदि लेकिन आम को ही भारतवर्ष में फलों का राजा कहा जाता है भारत सरकार द्वारा आम को राष्ट्रीय फल भी घोषित किया गया है। आम की खेती भारतवर्ष में हजारों वर्ष से हो रही है आजादी के बाद भारत सरकार द्वारा अन्य फलों की तरह आम की खेती पर भी राष्ट्रीय आम अनुसंधान केन्द्र कई जगह बनाये उसके परिणाम भी अच्छा मिला है कि आज भारतवर्ष में 500 से अधिक प्रजातियों के आम पैदा होते है। भारतवर्ष के कई राज्य आम की खेती के मामले में आगे है। आमों की पैदाबार में उ0प्र0 नं. 1 पर है जहां पर 25 से 25 प्रतिशत आम पैदा होता है। आन्धप्रदेश में 20 प्रतिशत तक आम पैदा होता है। कर्नाटक में 10 प्रतिशत, तेंलगाना में 8 प्रतिशत, बिहार में 9 प्रतिशत छत्तीसगढ मे 7 प्रतिशत मध्यप्रदेश के जबलपुर सतना में 2 प्रतिशत आम पैदा होता है।

विश्व के कुल आम उत्पादन 56 प्रतिशत भारतवर्ष में होता है। 24 लाख हैक्टर भारतीय क्षेत्र में आम की फसल होती है। 30 से 40 प्रतिशत दशहरी आम पैदा होता है। कई बार बेमौसम वारिश और आला वृष्टि से आम उत्पादन पर गिरावट आ जाती है।

भारतवर्ष में कई प्रजातियों के आम पाये जाते है। जों निम्न है। मल्लिका, चौसा, अम्रपाली, रवर्णरेखा, दशहरी, गुलावखारा आदि पूज्यनीय माना जाता है। आम के पेड़ की व पत्तो की पूजा की जाती है। अल्फासों, लगडा, नीलम, भारतवर्ष आम के पेड़ को

आजकल बाजार में बिक रहा मीठा रसीला आम आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है। बाजार में आने से पहल आम पेड़ो पर नहीं बल्कि गोदाम में कैल्सियम कर्वाईट से पकाये जाते है जो सैहत को काफी नुकसान पहुंचातें है। भारत में खाद्य सुरक्षा कानूनों के तहत कार्वाईड से आमों को पकाना प्रतिबंधं है। फिर भी मुनाफें के लालच में व्यापारी लोग आम को कैलिसयम कार्वाइड से पकातें है। कार्वाइड़ से आम पकाने की प्रक्रिया के दौरान एसिटिलीन नामक गैस बनती ह। जो शरीर के लिए जहर का काम करती है। ग्ददार देश चीन से चोरी छिपे कई देशों में प्रतिबधं एथलीन राइपनर परवडर से आजकल आमों को पकाया जाता है। एथलीन राइपनर से आम में मौजूद विटामिन 'ए' के गुण भी खत्म हो जाते है। इस पावडर से पके आम खाने वालों के शरीर में कई गभीर बीमारियों जैसे कैंसर व कीडनी से सम्बन्धित होने की सभावना रहती है।

भारतवर्ष के द्वारा आमों का निर्यात अरब देशो को तथा यूरोपीय में काफी होता हैं पिछले वर्ष यूरोपीय सद्यं द्वारा अल्फासों आम के आयात पर प्रतिबंधं लगा दिया गया था इससे भारतवर्ष मे आम निर्माताओं को काफी नुक्सान उठाना पडा था। इस वर्ष उद्योग सगंठनो की पहल कपर युरापीयों सद्यं ने आमों पर से प्रतिबधं हटा दिया गया है।

विदेशों में भारतीयों अल्फासों आम की काफी डिमाण्ड है वहां पर यें आम 500 से 600 प्रति किलों के हिसाब से विकता है। कलीम उल्लह खां पदमश्री प्राप्त की है। लखनऊ उ0प्र0के नई सड़क मलिया बाग मे अब्दुला नर्सरी है। कलीम उल्लाह खां द्वारा अपने बाग में एक पेड़ में 300 तरह का अलग-अलग तरह को आम पैदा किया है। उसको स्वंय हमने अपनी आँखो से देखा गया है। भारतवर्ष के अलावा पाकिस्तान आमों का निर्यात करता है।

**( विष्णु अग्रवाल )**
**न्यु कॉलोनी नं. 2, क्वाटर नं.32**
**बिरला नगर, ग्वालियर**

## ▸ एक नजर में ◂

### 1 जून से खुले में नहीं बिकेगा चिकन

**सीधी.** शहर में खुले में चिकन बिक्री को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर 1 जून से मीट मार्केट में ही कारोबार करने का अल्टीमेटम कलेक्टर ने दिया है. कलेक्टर ने खुले में चिकन बिक्री की स्थिति का अवलोकन किया और खुले में चिकन बिक्री पर प्रशासन का सख्त रुख सामने आया. शहर में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है. कलेक्टर विकास मिश्रा ने शहर क्षेत्र का आज सुबह निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नगरीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया.

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**चितरंगी.** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम महुगढ़ी निवासी एक 36 वर्ष का युवक आज दोपहर अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. ग्राम महुगढ़ी निवासी संदीप कहार पिता प्रेमलाल कहार उम्र 36 वर्ष आज दोपहर करीब 2 बजे शराब पिया था, उसी दौरान उसे उल्टी होने लगी. संदीप की पत्नी पन्नू देवी ने उल्टी होने का कारण पूछा तो संदीप ने जहर सेवन करने का बात बताया.



# 15 शहरों में पारा 43 पार

## एमपी में भीषण गर्मी और लू का कहर

## भोपाल में तापमान 42 .4 डिग्री


**भोपाल, 17 मई . मध्यप्रदेश में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है. कुछ दिन पहले तक जहां आंधी-बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को राहत मिल रही थी, वहीं अब प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में आ गया है.**

रविवार को प्रदेश के 15 शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया.जिसमें प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 43 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है. इन गर्म शहरों में खंडवा सबसे गर्म रहा है, जहाँ अधिकतम तापमान लगभग 45.1 डिग्री तक पहुंच गया है. मौसम विभाग ने कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है.

राजधानी भोपाल में रविवार को तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय न्यू मार्केट, बिट्टन मार्केट और पुराने शहर के बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी. लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले. सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा नजर आया और लोग छांव व ठंडे स्थानों की तलाश करते दिखे.

मौसम विभाग के मुताबिक खंडवा, खरगोन और रतलाम में तीव्र लू का सबसे ज्यादा असर रहेगा. इसके अलावा इंदौर, उज्जैन, धार, झाबुआ, बड़वानी, अलीराजपुर और बुरहानपुर समेत कई जिलों में गर्म हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ाएंगी.
वहीं भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल और छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में भी हीट वेव का असर बना रहेगा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मई के पहले पखवाड़े में प्रदेश में लगातार बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर चला था.

# एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की मांग



**भोपाल, 17 मई. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि प्रदेश के किसान आज भी अपनी फसलें घोषित समर्थन मूल्य से कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं.**

केंद्र सरकार को लिखे खुले पत्र में पटवारी ने खरीफ फसलों के लिए घोषित नई एमएसपी सूची पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़े हुए समर्थन मूल्य केवल 'कागजों तक सीमित' हैं, जबकि मंडियों और खरीदी केंद्रों पर किसानों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा.

उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारी खुलेआम एमएसपी से कम कीमत पर फसल खरीद रहे हैं और प्रशासन किसानों के शोषण पर 'मूकदर्शक' बना हुआ है. पटवारी ने सरकार को चुनौती देते हुए पूछा कि वह मध्य प्रदेश की किसी एक ऐसी फसल का नाम बताए जिसकी खरीदी वास्तव में घोषित एमएसपी पर हो रही हो.

# हर दिन के साथ खराब होती जा रही है राजनीति की भाषा

**इंदौर, 17 मई. प्रसिद्ध चिंतक, विचारक और सांसद मनोज कुमार झा ने कहा है कि हमारे देश में राजनीति की भाषा ऐसी हो गई है कि आज यदि महात्मा गांधी होते और वह चुनाव लड़ लेते तो वह भी हार जाते. राजनेता केवल इवीएम की भाषा समझते हैं और भाषा इवीएम को नहीं समझती है.**

राजनीति की भाषा तो हर दिन के साथ खराब होती जा रही है लेकिन भाषा को लेकर चल रही राजनीति भी मन को दुखा रही है. वे आज शाम यहां जाल सभागृह में अभ्यास मंडल के द्वारा आयोजित 66 वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला में राजनीति की भाषा और भाषा की राजनीति विषय पर संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की जनता को नेता के रूप में आक्रामक नेता चाहिए होता है. हम यह नहीं सोचते हैं कि हम अपना नुमाइंदा चुन रहे हैं, कोई पहलवान नहीं चुन रहे हैं. अब तो हालत यह हो गई है कि यदि 1920 के दौर वाले गांधी जी भी आ जाए तो आज के हालात को देखकर वे चुनाव नहीं लड़ेंगे और यदि लड़ेंगे तो उनकी जमानत जप्त हो जाएगी.


## नाम परिवर्तन सूचना

**नाम : बन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar)**
**पिता का नाम : अमर सिंह (Amar Singh)**
**निवासी : चिनवाई तिराहा, ग्राम पिपरोली पिपरोली, आई.टी.एम.,ग्वालियर म.प्र. 4740011**

यह कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री खुशी गुर्जर (Khushi Gurjar) के आधार कार्ड न. 3338-2529-1028 पर त्रुटि के कारण उसका का नाम खुशबु गुर्जर (Khushbu Gurjar) पुत्री बन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar) लिखा हुआ है। जो कि उसका गलत नाम है। यह कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री का सही नाम खुशी गुर्जर (Khushi Gurjar) पुत्री ब्रन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar) है। यह कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री खुशी गुर्जर (Khushi Gurjar) पुत्री ब्रन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar) के जन्म प्रमाण पत्र एवम् उसकी अंक सूची पर भी उसका यही सही नाम लिखा हुआ है। यह कि मुझ शपथकर्ता को अपनी पुत्री के आधार कार्ड न. 3338-2529-1028 पर उसका सही नाम खुशी गुर्जर (Khushi Gurjar) पुत्री बन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar) लिखवाना है। यह कि मुझे अपनी पुत्री के नाम परिवर्तन हेतु म.प्र राजपत्र में प्रकाशन की अवश्यकता है। यहकि प्रकाशन के उपरान्त भविष्य में, समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता की पुत्री का सही नाम खुशी गुर्जर (Khushi Gurjar) पुत्री ब्रन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar) लिखा व पढ़ा जाए व तदानुसार ही दर्ज किया जाए। उपरोक्त कथनो कि सत्यता में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**नाम : बन्दावन गुर्जर (Brindavan Gurjar)**
**पिता का नाम : अमर सिंह (Amar Singh)**
**निवासी : चिनवाई तिराहा, ग्राम पिपरोली पिपरोली, आई.टी.एम.,ग्वालियर म.प्र. 4740011**

## नाम परिवर्तन सूचना

**नाम : पूर्णिमा तोमर (Poornima Tomar)**
**पति का नाम : पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar)**
**दिनांक : 02.08.1975**
**व्यवसाय : ग्रहणी**
**निवासी : सेंट पोल विधालय के पास, 3 गणेश कॉलोनी मुरार, मोरार,ग्वालियर म.प्र 474006**

सर्व साधारण को सूचित किया यह कि मेरा सही नाम पूर्णिमा तोमर (Poornima Tomar) पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) है। यह कि मेरा यही नाम मेरे पेन कार्ड वोटर कार्ड व मेरे पासपोर्ट पर भी लिखा हुआ है। यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 6657-0588-9774 पर त्रुटि के कारण मेरे पुकारने का नाम तारकेश्वरी तोमर (Tarkeshwari Tomar) पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) लिखा हुआ है जो कि मेरा गलत नाम है। यह कि पूर्णिमा तोमर (Poornima Tomar) पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) तथा तारकेश्वरी तोमर (Tarkeshwari Tomar) पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति मुझ शपथकर्ता के पुकारने के व दस्तावेजो के नाम है। यह कि मुझे अपने आधार कार्ड पर अपना सही नाम पूर्णिमा तोमर (Poornima Tomar) पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) लिखवाना है, जिस हेतु म.प्र. राजपत्र में प्रकाशन की अवश्यकता है। यह कि प्रकाशन के उपरान्त भविष्य में, समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता का सही नाम पूर्णिमा तोमर (Poornima Tomar) पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) लिखा व पढ़ा जाए व तदानुसार ही दर्ज किया जाए। उपरोक्त कथनो कि सत्यता में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**नाम पूर्णिमा तोमर (Poornima Tomar)**
**पति का नाम पुष्पेन्द्र सिंह तोमर (Pushpendra Singh Tomar) निवासी : सेंट पोल विधालय के पास, 3 गणेश कॉलोनी मुरार, मोरार ग्वालियर म.प्र 474006**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **सत्यम कटारे पुत्र श्री कृष्ण कुमार कटारे** है। स्कूल में प्रवेश के दौरान मेरा नाम **सत्यम शर्मा पुत्र श्री कृष्ण कुमार शर्मा** दर्ज हो गया था, जिसके कारण मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में **सत्यम शर्मा** नाम अंकित है। किन्तु मेरे आधार कार्ड एवं समग्र आईडी में मेरा नाम **सत्यम कटारे पुत्र श्री कृष्ण कुमार कटारे** अंकित है। **सत्यम शर्मा** एवं **सत्यम कटारे** दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। अतः भविष्य में मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में **सत्यम कटारे पुत्र श्री कृष्ण कुमार कटारे** नाम से ही जाना-पहचाना, पुकारा एवं लिखा-पढ़ा जावे।

प्रेषक- सत्यम कटारे पुत्र श्री कृष्ण कुमार कटारे
द्वारा- **निखिल विजयवर्गीय, अभिषेक वर्मा**
(एडवोकेट्स)
**ऑफिस-** दानाओली, मनीराम का बाड़ा, लश्कर, ग्वालियर, **मोबा.** 8269004718, 9893196101

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.19 वार्ड क्रं.50 भवन क्रं.1404 का भाग, स्थानः लाला का बाजार ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री गिरिराज सक्सैना/श्री महेशचन्द्र सक्सैना के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.9000233317 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 268 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा क्षे. क्रं.19 पर दिनांक 13.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.82/2011/25440/25526/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**प्रिया बंसल/श्री प्रदीप कुमार बंसल**
पता : लाला का बाजार वार्ड-50
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.05.2026